रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-12012026-269296
CG-DL-E-12012026-269296

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 18] नई दिल्ली, सोमवार, जनवरी 12, 2026/पौष 22, 1947
No. 18] NEW DELHI, MONDAY, JANUARY 12, 2026/PAUSHA 22, 1947

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

(खेल विभाग)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 10 जनवरी, 2026

सा.का.नि. 18(अ).- केन्द्रीय सरकार, राष्ट्रीय खेल शासन अधिनियम, 2025 (वर्ष 2025 का 25) की धारा 31 की उपधारा (1) तथा उपधारा (2) के खंड (क), (ख), (ग), (ट), (ड), (ढ) और (न) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात्:-

अध्याय 1

प्रारंभिक

1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ—(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम राष्ट्रीय खेल शासन (राष्ट्रीय खेल निकाय) नियम, 2026 है।

(2) ये नियम राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से प्रभावी होंगे।

2. परिभाषाएँ - (1) इन नियमों में , जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो -

(क) "अधिनियम" से राष्ट्रीय खेल शासन अधिनियम, 2025 (वर्ष 2025 का 25) अभिप्रेत है;

(ख) "केन्द्रीय सरकार" से केन्द्रीय सरकार का वह विभाग अभिप्रेत है जिसे भारत सरकार (कार्य आबंटन) नियम, 1961 के अन्तर्गत खेल विषय आवंटित किया गया है;

(ग) "निर्वाचित पद" से कार्यकारी समिति के सभी पद अभिप्रेत है, सिवाय, -

(i) अधिनियम की धारा 4 की उपधारा (1) के अधीन खंड (ख) के उपखंड (ii) के अधीनखेल समिति के प्रतिनिधियों के लिए आरक्षित पद; और

(ii) अधिनियम की धारा 4 की उपधारा (1) के अन्तर्गत खण्ड (ख) के उपखण्ड (iii) के अन्तर्गत पदेन सदस्यों द्वारा धारित किए जाने वाले पद ;

(घ) "निर्वाचन नियमों" से अनुसूची II में विनिर्दिष्ट कार्यकारी समितियों के चुनावों पर लागू नियम अभिप्रेत है;

(ङ) "निर्वाचन अधिकारी" से अधिनियम की धारा 16 की उपधारा (1) के अन्तर्गत अधिसूचित व्यक्ति अभिप्रेत है;

(च) "कार्यकारी समिति" से अधिनियम की धारा 4 की उपधारा (1) के खंड (ख) के अनुसरण में प्रत्येक राष्ट्रीय खेल निकाय में गठित समिति से अभिप्रेत है;

(छ) "सामान्य निकाय" से अधिनियम की धारा 4 की उपधारा (1) के खंड (क) के अनुसरण में प्रत्येक राष्ट्रीय खेल निकाय में गठित निकाय अभिप्रेत है;

(ज) "राष्ट्रीय खेल निकाय" से अधिनियम की धारा 5 के अन्तर्गत स्थापित निकाय अभिप्रेत है;

(झ) "अनुसूची" से इन नियमों के साथ संलग्न अनुसूची अभिप्रेत है; और

(ञ) "उत्कृष्ट योग्यता वाले खिलाड़ियों के लिए पात्रता नियम" में अनुसूची I में विनिर्दिष्ट उत्कृष्ट योग्यता वाले खिलाड़ियों के लिए पात्रता नियमों अभिप्रेत है।

(2) इन नियमों में प्रयुक्त शब्दों और पद, जो इसमें परिभाषित नहीं है, किन्तु अधिनियम में परिभाषित है, के वही अर्थ होंगे, जो उनके अधिनियम में हैं।

अध्याय 2

उत्कृष्ट योग्यता वाले खिलाड़ी

3. महासभा में उत्कृष्ट योग्यता वाले खिलाड़ियों का प्रतिनिधित्व — (1) प्रत्येक राष्ट्रीय खेल निकाय की महासभा में, मतदान सदस्य के रूप में, कम से कम चार अथवा कोई अन्य उच्चतर सम संख्या में उत्कृष्ट योग्यता वाले खिलाड़ियों को सम्मिलित किया जाएगा, जिनमें से पचास प्रतिशत उत्कृष्ट योग्यता वाले पुरुष खिलाड़ी होंगे और पचास प्रतिशत उत्कृष्ट योग्यता वाली महिला खिलाड़ी होंगी।

(2) उप-नियम (1) के अधीनउत्कृष्ट योग्यता वाले खिलाड़ियों को निर्वाचन या नामांकन की विधि संबंधित राष्ट्रीय खेल संस्था के उपनियमों में विनिर्दिष्ट की जा सकती है।

4. कार्यकारी समिति में उत्कृष्ट योग्यता वाले खिलाड़ियों का प्रतिनिधित्व —अधिनियम की धारा 4 की उपधारा (1) के खंड (ख) के उपखंड (i) के अनुसरण में, उत्कृष्ट योग्यता वाले खिलाड़ियों को कार्यकारी समिति में सम्मिलित किया जाएगा और नियम 9 के अनुसार कार्यकारी समिति में उनका निर्वाचन किया जाएगा।

5. पात्रता मानदंड और आवेदन — (1) राष्ट्रीय खेल निकाय उन व्यक्तियों से आवेदन आमंत्रित करेगी जिन्हें उत्कृष्ट योग्यता वाले खिलाड़ी के रूप में विचार किया जाना है और ऐसे आवेदन आमंत्रण में सामान्य पात्रता मानदंड तथा स्तरीकृत पात्रता मानदंड, जैसा कि अनुसूची-I में विनिर्दिष्ट है, का उल्लेख किया जाएगा, जिसके आधार पर उत्कृष्ट योग्यता वाले खिलाड़ियों की सूची तैयार की जाएगी।

(2) उत्कृष्ट योग्यता वाले खिलाड़ी के रूप में आवेदन प्रस्तुत करने वाले किसी भी व्यक्ति को अनुसूची-I के अधीनउत्कृष्ट योग्यता वाले खिलाड़ियों की पात्रता नियमावली में विनिर्दिष्ट सामान्य पात्रता मानदंडों को पूरा करना होगा और आवेदन आमंत्रित किए जाने की तारीख से साठ दिनों की अवधि के भीतर संबंधित राष्ट्रीय खेल निकाय को आवेदन प्रस्तुत करना होगा, जो उस संस्था की कार्यकारी समिति द्वारा या उसके उपनियमों में विनिर्दिष्ट प्ररूप और जानकारी के अनुसार हो।

6. उत्कृष्ट योग्यता वाले खिलाड़ियों की सूची— (1) नियम 5 के उप-नियम (2) के अधीनप्रस्तुत आवेदनों पर विचार करने के पश्चात्, प्रत्येक राष्ट्रीय खेल निकाय अपने संबंधित खेल के संबंध में उत्कृष्ट योग्यता वाले पुरुष खिलाड़ियों की एक सूची तथा उत्कृष्ट योग्यता वाली महिला खिलाड़ियों की एक सूची तैयार करेगा और यह सूची उस राष्ट्रीय खेल संस्था की वर्तमान कार्यकारी समिति के कार्यकाल की समाप्ति से कम से कम नब्बे दिन पूर्व तैयार करेगा।

(2) यथास्थिति उत्कृष्ट योग्यता वाले पुरुष खिलाड़ियों की सूची तथा उत्कृष्ट योग्यता वाली महिला खिलाड़ियों की सूची, दोनों में उतने खिलाड़ियों की संख्या सम्मिलित की जाए जो संबंधित राष्ट्रीय खेल निकाय की महासभा में उत्कृष्ट योग्यता वाले पुरुष खिलाड़ियों अथवा उत्कृष्ट योग्यता वाली महिला खिलाड़ियों की संख्या, से दस गुना होगी।

(3) राष्ट्रीय खेल निकाय, उत्कृष्ट योग्यता वाले खिलाड़ियों की संबंधित सूची तैयार करते समय, उत्कृष्ट योग्यता वाले पुरुष खिलाड़ियों तथा उत्कृष्ट योग्यता वाली महिला खिलाड़ियों पर जो भी लागू हो, निम्नलिखित प्रक्रिया का पालन करेगी, यथा:—

(क) पहली बार, वे सभी आवेदक जो अनुसूची-I में विनिर्दिष्ट सामान्य पात्रता मानदंड तथा स्तरीकृत पात्रता मानदंड के प्रथम स्तर (टियर 1) की आवश्यकता को पूरा करते हैं, उन्हें संबंधित उत्कृष्ट योग्यता वाले खिलाड़ियों की सूची में सम्मिलित किया जाएगा।

(ख) यदि उपखंड (क) के अनुसार उत्कृष्ट योग्यता वाले खिलाड़ियों की सूची उप-नियम (2) में विनिर्दिष्ट सीमा तक तैयार नहीं की जा सकती है, तो राष्ट्रीय खेल निकाय उन आवेदकों को सम्मिलित करेगी जो सामान्य पात्रता मानदंड तथा स्तरीकृत पात्रता मानदंड को पूरा करते हों और उन्हें क्रमिक रूप से उस स्तर के तुरंत पश्चात वाले स्तर में सम्मिलित किया जाएगा जिसे अंतिम बार विचार किया गया था, जब तक कि संबंधित उत्कृष्ट योग्यता वाले खिलाड़ियों की सूची में सम्मिलित आवेदकों की संख्या उक्त सीमा को पूरा न कर ले।

(ग) यदि किसी विशेष स्तर (टियर) के उपयोग के परिणामस्वरूप उत्कृष्ट योग्यता वाले खिलाड़ियों की संख्या उप-नियम (2) में विनिर्दिष्ट सीमा से अधिक हो जाती है, तो उस स्तर के अधीनयोग्य अभ्यर्थियों के समूह में आयु के आधार पर सबसे वरिष्ठ आवेदक को चयन में प्राथमिकता और वरीयता दी जाएगी; और

(घ) यदि राष्ट्रीय खेल निकाय उप-नियम (2) में विनिर्दिष्ट सीमा तक संबंधित उत्कृष्ट योग्यता वाले खिलाड़ियों की सूची को उपखंड (क) से (ग) के अधीनदिए गए चरणों के आधार पर तैयार करने में असमर्थ होती है, तो वह नियम 5 के उप-नियम (1) के अनुसार पुनः आवेदन आमंत्रित कर सकती है अथवा ऐसी उत्कृष्ट योग्यता वाले खिलाड़ियों की सूची के लिए अतिरिक्त स्तरीकृत मानदंड तैयार और स्वीकृत कर सकती है, जो अनुसूची-I में प्रयुक्त सिद्धांतों पर आधारित होंगे।

(4) उत्कृष्ट योग्यता वाले खिलाड़ियों की सूचियाँ, जिन्हें इस नियम के अनुसार अंतिम रूप दिया गया है, संबंधित राष्ट्रीय खेल निकाय की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएंगी और राष्ट्रीय खेल बोर्ड को प्रस्तुत की जाएंगी।

(5) किसी भी व्यक्ति का नाम यदि उत्कृष्ट योग्यता वाले खिलाड़ियों की सूची में सम्मिलित है, तो उसे उस राष्ट्रीय खेल निकाय के संबंध में अधिनियम और उसके अधीनबनाए गए नियमों के प्रयोजनों के लिए उत्कृष्ट योग्यता वाला खिलाड़ी माना जाएगा।

अध्याय 3

महासभा और कार्यकारी समिति

7. महासभा की संरचना।— (1) प्रत्येक राष्ट्रीय खेल निकाय की महासभा में निम्नलिखित श्रेणियों के सदस्य होंगे:—

(क) कम से कम चार उत्कृष्ट योग्यता वाले खिलाड़ी;

(ख) राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के मामले में, राष्ट्रीय ओलंपिक समिति की उपनियमों में विनिर्दिष्ट पदेन सदस्य;

(ग) राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के मामले में, प्रत्येक राष्ट्रीय खेल परिसंघ के प्रतिनिधि जो राष्ट्रीय खेल बोर्ड के साथ संबद्ध इकाई के रूप में रजिस्ट्रीकृत हैं;

(घ) राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के अतिरिक्त किसी अन्य राष्ट्रीय खेल निकाय के मामले में, प्रत्येक राज्य स्तरीय संबद्ध इकाई के प्रतिनिधि, जो राष्ट्रीय खेल बोर्ड के साथ रजिस्ट्रीकृत हैं; और

(ङ) राष्ट्रीय खेल निकाय के उपनियमों द्वारा प्रदत्त अन्य किसी श्रेणी के व्यक्ति, जो अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति द्वारा जारी सुसंगत अंतर्राष्ट्रीय चार्टर और विधियों के अनुरूप हों, अथवा संबंधित अंतर्राष्ट्रीय खेल निकाय द्वारा आवश्यक हों।

(2) उप-नियम (1) के उपखंड (क) में विनिर्दिष्ट उत्कृष्ट योग्यता वाले खिलाड़ियों का महासभा में निर्वाचन या नामांकन, संबंधित राष्ट्रीय खेल निकाय की वर्तमान कार्यकारी समिति के कार्यकाल की समाप्ति से कम से कम पचहत्तर दिन पूर्व किया जाएगा।

8. कार्यकारी समिति का कार्यकाल और संरचना— (1) प्रत्येक राष्ट्रीय खेल निकाय की कार्यकारी समिति का कार्यकाल, संबंधित निकाय की उपनियमों द्वारा निर्धारित किया जाएगा, परंतु वह चार वर्ष से अधिक नहीं होगा।

(2) किसी राष्ट्रीय खेल निकाय के उपनियमों में उसकी संरचना विनिर्दिष्ट करते समय यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कार्यकारी समिति में उत्कृष्ट योग्यता वाले खिलाड़ियों में से कम से कम एक महिला हो तथा एथलीट समिति के प्रतिनिधियों में से भी कम से कम एक महिला हो।

9. कार्यकारी समिति के निर्वाचन की प्रक्रिया— (1) कार्यकारी समिति के सभी निर्वाचित पदों का निर्वाचन प्रत्येक चार वर्ष में कम से कम एक बार निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से तथा अनुसूची-II में विनिर्दिष्ट निर्वाचन नियमों के अनुसार किया जाएगा।

(2) जब तक अंतर्राष्ट्रीय चार्टर और विधियों में अन्यथा विनिर्दिष्ट न हो, कार्यकारी समिति अपने कार्यकाल की समाप्ति से कम से कम साठ दिन पूर्व एक प्रस्ताव द्वारा राष्ट्रीय खेल निर्वाचन पैनल से एक निर्वाचन अधिकारी की नियुक्ति करेगी, जो निर्वाचन सूची तैयार करने और कार्यकारी समिति तथा एथलीट समिति के निर्वाचन का संचालन करेगा।

(3) कार्यकारी समिति, उप-नियम (2) के अधीननियुक्त निर्वाचन अधिकारी से परामर्श करके, अपने कार्यकाल की समाप्ति से कम से कम पचास दिन पूर्व निर्वाचन की तारीख अधिसूचित करेगी।

(4) निर्वाचन अधिकारी, अनुसूची-II में निहित निर्वाचन नियमों के अनुसरण में, राष्ट्रीय खेल निकाय की कार्यकारी समिति के निर्वाचन को सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए उत्तरदायी होगा।

(5) राष्ट्रीय खेल निकाय, निर्वाचन अधिकारी द्वारा विनिर्दिष्ट आवश्यक संख्या में प्रशासनिक कर्मचारियों को उपलब्ध कराएगी ताकि वह अधिकारी कार्यकारी समिति के निर्वाचन का संचालन कर सके।

(6) राष्ट्रीय खेल निकाय अपनी कार्यकारी समिति के निर्वाचन के लिए इन नियमों में विनिर्दिष्ट समय-सीमाओं का पालन करेगी और उन्हें नीचे दिए गए समय-सारणी अनुसार संक्षेप में प्रस्तुत किया जाएगा।

नियम/खंड	विषय	समय-सारणी
नियम 5(2)	उत्कृष्ट योग्यता वाले खिलाड़ी बनने के लिए आवेदन जमा करना	नियम 5 के उप-नियम (1) के अधीन आवेदन आमंत्रित किए जाने के साठ दिनों के भीतर
नियम 6(1)	उत्कृष्ट योग्यता वाले पुरुष खिलाड़ियों की सूची और उत्कृष्ट योग्यता वाली महिला खिलाड़ियों की सूची तैयार करना	विद्यमान कार्यकारी समिति का कार्यकाल खत्म होने से कम से कम नब्बे दिन पूर्व
नियम 7(2)	महासभा के लिए उत्कृष्ट योग्यता वाले खिलाड़ियों का निर्वाचन या नामांकन	विद्यमान कार्यकारी समिति का कार्यकाल खत्म होने से कम से कम पचहत्तर दिन पूर्व
नियम 9(2)	एक निर्वाचन अधिकारी की नियुक्ति	विद्यमान कार्यकारी समिति का कार्यकाल खत्म होने

		से कम से कम साठ दिन पूर्व
नियम 9(3)	निर्वाचन की तारीख की सूचना	विद्यमान कार्यकारी समिति का कार्यकाल खत्म होने से कम से कम पचास दिन पूर्व
नियम 10(5)	प्रारूप निर्वाचन सूची तैयार करना और जारी करना	विद्यमान कार्यकारी समिति का कार्यकाल खत्म होने से कम से कम पैंतालीस दिन पूर्व
अनुसूची II का खंड 5(i)	निर्वाचन की घोषणा, अंतिम निर्वाचन सूची जारी करना और नामांकन के लिए आमंत्रण	विद्यमान कार्यकारी समिति का कार्यकाल खत्म होने से कम से कम तीस दिन पूर्व

10. कार्यकारी समिति का निर्वाचन— (1) जब तक कि अंतर्राष्ट्रीय चार्टर और विधियों में अन्यथा विनिर्दिष्ट न हो, कोई भी व्यक्ति जो अधिनियम की धारा 4 की उपधारा (2) के अधीनपात्रता मानदंडों को पूरा करता है और नियम 11 के अधीन निर्हता का पात्र नहीं है, वह राष्ट्रीय खेल निकाय की कार्यकारी समिति के निर्वाचन का प्रत्याशी हो सकता है।

(2) नियम 7 के उप-नियम (1) में विनिर्दिष्ट अनुसार राष्ट्रीय ओलंपिक समिति की महासभा के सदस्य, अपनी कार्यकारी समिति के निर्वाचन में मतदान करने के लिए पात्र होंगे, जो निम्नानुसार है, अर्थात्:—

(क) उत्कृष्ट योग्यता वाले प्रत्येक खिलाड़ी को एक मत होगा;

(ख) प्रत्येक पदेन सदस्य को एक मत होगा;

(ग) प्रत्येक राष्ट्रीय खेल परिसंघ, जो राष्ट्रीय खेल बोर्ड के साथ राष्ट्रीय ओलंपिक समिति की संबद्ध इकाई के रूप में रजिस्ट्रीकृत है, को अधिकतम दो मत प्राप्त होंगे, जिन्हें उस संबद्ध इकाई के अलग-अलग व्यक्तिगत प्रतिनिधियों द्वारा प्रयोग किया जाएगा; और

(घ) नियम 7 के उप-नियम (1) के उपखंड (ङ) में विनिर्दिष्ट व्यक्तियों की प्रत्येक श्रेणी के लिए, प्रत्येक ऐसे व्यक्ति का एक मत होगा।

(3) राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के अतिरिक्त किसी अन्य राष्ट्रीय खेल निकाय की महासभा के सदस्य, नियम 7 के उप-नियम (1) में विनिर्दिष्ट अनुसार अपनी कार्यकारी समिति के निर्वाचन में मतदान करने के लिए पात्र होंगे, जैसा कि नीचे विनिर्दिष्ट है:—

(क) प्रत्येक उत्कृष्ट योग्यता वाले खिलाड़ी का एक मत होगा;

(ख) राष्ट्रीय खेल बोर्ड के साथ रजिस्ट्रीकृत राष्ट्रीय खेल निकाय की प्रत्येक राज्य स्तरीय संबद्ध इकाई को अधिकतम दो मत प्राप्त होंगे, जिन्हें उस संबद्ध इकाई के अलग-अलग व्यक्तिगत प्रतिनिधियों द्वारा प्रयोग किया जाएगा; और

(ग) नियम 7 के उप-नियम (1) के उप-नियम (ङ) में विनिर्दिष्ट व्यक्तियों की प्रत्येक श्रेणी के लिए, प्रति व्यक्ति एक मत होगा।

(4) कार्यकारी समिति के निर्वाचन के लिए निर्वाचन सूची में केवल वही सदस्य अथवा उनके प्रतिनिधि सम्मिलित होंगे जो संबंधित राष्ट्रीय खेल निकाय की महासभा में उप-नियम (2) या उप-नियम (3), जो भी स्थिति हो, के अनुसार मतदान का अधिकार रखते हैं और जो अधिनियम या इन नियमों के उपबंधों के अधीन अन्यथा निर्हरित नहीं हैं।

(5) निर्वाचन अधिकारी, संबंधित राष्ट्रीय खेल निकाय की तत्कालीन कार्यकारी समिति से परामर्श करके, कार्यकारी समिति के कार्यकाल की समाप्ति से कम से कम पैंतालीस दिन पूर्व निर्वाचन हेतु प्रारूप निर्वाचन सूची तैयार करेगा और जारी करेगा:

परंतु यह कि**,** निर्वाचन सूची में किसी व्यक्ति को सम्मिलित करने अथवा न करने के संबंध में निर्वाचन अधिकारी का विनिश्चय अंतिम और बाध्यकारी होगा।

(6) निर्वाचन अधिकारी, प्रारूप निर्वाचन सूची जारी होने की तारीख से कम से कम सात दिन का समय प्रदान करेगा, ताकि अंतिम निर्वाचन सूची की संरचना के संबंध में प्राप्त किसी भी आपत्ति को स्वीकार किया जा सके और उसका समाधान किया जा सके।

11. निर्हता— (1) कोई भी व्यक्ति महासभा का सदस्य या किसी राष्ट्रीय खेल निकाय की किसी समिति का सदस्य बनने से निर्हरित होगा और कार्यकारी समिति या खिलाड़ी समिति के निर्वाचन में प्रत्याशी बनने के लिए पात्र नहीं होगा, यदि ऐसा व्यक्ति —

(क) लागू विधि के अधीनदिवालिया घोषित किया गया हो; या

(ख) भारत में सक्षम अधिकारिता वाले किसी न्यायालय द्वारा किसी अपराध के लिए दोषसिद्ध हो और उसे कारावास का दण्डादेश हो; या

(ग) ऐसे राष्ट्रीय खेल निकाय की आचार समिति के आदेश द्वारा किसी पद को धारण करने से प्रतिबंधित किया गया हो:

परंतु यह कि निर्हता के संबंध में—

(i) खंड (ख) ऐसे दंडादेश के पूरा होने के पश्चात् कार्यपालिका समिति के एक पूरे कालावधि के लिए होगा; और

(ii) खंड (ग) ऐसे प्रतिबंध की अवधि के लिए होगा।

(2)राष्ट्रीय खेल निकाय के उपनियमों में यह उपबंध हो सकेगा कि उपनियम ((1) के अधीन विनिर्दिष्ट मानदंडों के अतिरिक्त किसी व्यक्ति को निम्नलिखित से भी अयोग्य घोषित किया जाएगा-
(क) ऐसे राष्ट्रीय खेल निकाय की साधारण निकाय या किसी समिति का सदस्य होने पर, या यदि ऐसा व्यक्ति राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के अतिरिक्त किसी दूसरी राष्ट्रीय खेल निकाय का सदस्य है, तो वह कार्यपालिका समिति या एथलीट समिति का निर्वाचन लड़ने के लिए अर्हित नहीं होगा; और
(ख) ऐसे राष्ट्रीय खेल निकाय के साधारण निकाय या किसी समिति का सदस्य होने के कारण, ऐसे व्यक्ति ने किसी अन्य राष्ट्रीय खेल निकाय में अध्यक्ष, महासचिव या कोषाध्यक्ष का पद धारण करने के पश्चात् एक कार्यकाल की विराम अवधि पूरी नहीं की है।

अध्याय 4
राष्ट्रीय खेल निर्वाचन पैनल

12. राष्ट्रीय खेल निर्वाचन पैनल का रोस्टर -((1राष्ट्रीय खेल बोर्ड, अधिनियम की धारा 16की उपधारा ((1के अधीन अधिसूचित राष्ट्रीय खेल निर्वाचन पैनल का रोस्टर बनाए रखेगा।

(2)राष्ट्रीय खेल निर्वाचन पैनल के रोस्टर में हर समय कम से कम बीस सदस्य होंगे जो अधिनियम की धारा 16की उपधारा (1) के अधीन विनिर्दिष्ट अर्हताएं पूरी करते हों।

(3)राष्ट्रीय खेल निर्वाचन पैनल का रोस्टर भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023) 2023का (47की धारा 74के अर्थ में एक सार्वजनिक दस्तावेज होगा।

13. निर्वाचन अधिकारियों को देय फीस- प्रत्येक निर्वाचन के संबंध में, राष्ट्रीय खेल निकाय, निर्वाचन अधिकारी के साथ आपसी सहमति के आधार पर, फीरा के रूप में अधिकतम पाँच लाख

रुपए का भुगतान करेगा, साथ ही ऐसे अधिकारी के सहायक के लिए पारस्परिक रूप से सहमत रकम की फीस, यदि कोई हो, का भी भुगतान करेगा।

अध्याय 5
एथलीट समितियां, नैतिकता समितियां और विवाद समाधान समितियां

14. राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के उपनियमों में समितियों से संबंधित उपबंध- राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के उपनियमों में एथलीट समिति, नैतिकता समिति और विवाद समाधान समिति के गठन, संचालन और प्रक्रियाओं से संबंधित उपबंध सम्मिलित होंगे, जो जो-

(क) अंतर्राष्ट्रीय चार्टर और कानूनों में बनाए गए दिशानिर्देशों का पालन करना; और

(ख) राष्ट्रीय खेल बोर्ड द्वारा समय-समय पर विनिर्दिष्ट मॉडल दिशानिर्देशों या विनियमों द्वारा निर्देशित किया जाएगा।

15. राष्ट्रीय खेल निकाय के उपनियम में समितियों से जुड़े उपबंध- राष्ट्रीय खेल निकाय के अतिरिक्त, प्रत्येक राष्ट्रीय खेल निकायं के उपनियम में एथलीट समिति, आचार शास्त्र समिति और विवाद समाधान समिति के गठन, प्रचालन और प्रक्रिया से संबंधित उपबंध सम्मिलित होंगे, जो

जो- -

(क) ऐसे दिशा-निर्देशों का अनुपालन करेंगे जैसा कि अन्तर्राष्ट्रीय चार्टर एवं विधियों में विनिर्दिष्ट किया जा सके;

(ख) राष्ट्रीय ओलंपिक समिति से अन्यथा राष्ट्रीय खेल निकायों के मामले में, दिशानिर्देश जो राष्ट्रीय ओलंपिक समिति द्वारा विनिर्दिष्ट की जा सकेगी, और

(ग) यदि खंड (क) और खंड (ख) के अधीन दिशानिर्देश उपलब्ध न हो, तो समय समय पर राष्ट्रीय खेल बोर्ड द्वारा विनिर्दिष्ट यथास्थिति, माडल दिशानिर्देश या विनियमों द्वारा संचालित होंगे।

अध्याय 6
क्षेत्रीय खेल संघ

16. क्षेत्रीय खेल महासंघों द्वारा संबद्धता बनाए रखी जाएगी- ((1प्रत्येक क्षेत्रीय खेल महासंघ को संबंधित अंतर्राष्ट्रीय खेल निकाय से अंतर्राष्ट्रीय मान्यता और संबद्धता प्राप्त होगी, जब तक कि किसी नामनिर्दिष्ट खेल का कोई अंतर्राष्ट्रीय खेल निकाय न हो।

(2)जहाँ एक ही खेल के लिए एक से अधिक अंतर्राष्ट्रीय खेल निकाय हैं या जहाँ एक से अधिक क्षेत्रीय खेल महासंघ मान्यता के लिए आवेदन करते हैं, राष्ट्रीय खेल बोर्ड लिखित रूप में रिकार्ड किए जाने वाले कारणों के आधार पर संबद्धता और मान्यता के मामले पर निर्णय ले सकेगा|

अध्याय 7
संबद्ध इकाइयाँ

17. संबद्ध इकाइयों का पंजीकरण- ((1प्रत्येक राष्ट्रीय खेल निकाय, अपनी संबद्ध इकाइयों में से प्रत्येक का राष्ट्रीय खेल बोर्ड के साथ पंजीकरण सुगम बनाएगा और नींचे दी गई सूचना तथा दस्तावेज़ राष्ट्रीय खेल बोर्ड द्वारा समय-समय पर विनिर्दिष्ट प्ररूप और रीति से प्रस्तुत किए जाएं:-

(क) ऐसी संबद्ध इकाई के संबंध में राष्ट्रीय खेल निकाय द्वारा जारी संबद्धता प्रमाणपत्र की प्रति;

(ख) लागू विधियों के अधीन, जैसा भी मामला हो, एक सोसायटी, गैर-लाभकारी कंपनी या ट्रस्ट के रूप में पंजीकरण प्रमाणपत्र की प्रति;

(ग) संबद्ध इकाई के शासी निकाय के सभी सदस्यों के नाम और पदनाम, चाहे उन्हें किसी भी नाम से पुकारा जाए; और

(घ) कोई अन्य जानकारी, जैसा कि राष्ट्रीय खेल बोर्ड द्वारा अधिनियम के अधीन अपने कार्यों का निर्वहन करने के प्रयोजनों के लिए विनिर्दिष्ट किया जाए।

(2)राष्ट्रीय खेल निकाय की प्रत्येकं संबद्ध इकाई उप-नियम ((1का अनुपालन सुनिश्चित करेगी और इसके अतिरिक्त अपनी प्रत्येक संबद्ध इकाई का राष्ट्रीय खेल बोर्ड के साथ पंजीकरण सुनिश्चित करेगी तथा उप-नियम ((1के उपबंध प्रत्येक ऐसी इकाई पर यथावश्यक परिवर्तनों सहित लागू होंगे।

(3)राष्ट्रीय खेल बोर्ड में रजिस्ट्रीकृत प्रत्येक सम्बद्ध इकाई को उपलब्ध कराई गई सूचना में किसी भी परिवर्तन की सूचना तीस दिन के भीतर बोर्ड को देनी होगी।

अध्याय 8
प्रकीर्ण

18. प्रकीर्ण

(1)प्रत्येक राष्ट्रीय खेल निकाय छह माह की अवधि के भीतर, अधिनियम के उपबंधों के अनुरूप अपने उपनियमों में संशोधन करेगा।

(2)केन्द्रीय सरकार, किसी राष्ट्रीय खेल निकाय से आवेदन प्राप्त होने पर, इन नियमों के प्रारम्भ से बारह महीने की अवधि के लिए इन नियमों के उपबंधों में छूट दे सकेगी और ऐसी छूट के कारण लिखित में रिकार्ड किए जाएंगे।

अनुसूची ।
नियम 5और 6देखें)

उत्कृष्ट योग्यता वाले खिलाड़ियों के लिए पात्रता नियम

1. सामान्य योग्यता मानदंड -कोई भी व्यक्ति जो असाधारण योग्यता वाला खिलाड़ी बनना चाहता है, वह-

(क) भारतीय नागरिक होगा;

(ख) स्वस्थ मस्तिष्क का होगा;

(ग) पच्चीस वर्ष से कम आयु का नहीं होगा; और

(घ) सक्रिय खेल से सेवानिवृत्त हो गया हो और नियम 5के उप-नियम ((2के अधीन आवेदन की तारीख से कम से कम एक वर्ष पहले किसी भी प्रतिस्पर्धी खेल कार्यक्रम में भाग न लिया हो, जो जिला, राज्य या भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए चयन किया जाता हो।

2. श्रेणी पात्रता मानदंड-((1राष्ट्रीय ओलम्पिक समिति के उत्कृष्ट योग्यता सूचकांक वाले खिलाड़ियों में सम्मिलित होने के इच्छुक आवेदकों के मामले में, ऐसे आवेदक ने भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए केवल ओलम्पिक अनुशासन में सुसंगत श्रेणी में उपलब्धि हासिल की हो।

(2)राष्ट्रीय पैरालम्पिक समिति की उत्कृष्ट योग्यता वाले खिलाड़ियों में सम्मिलित होने के इच्छुक आवेदकों के मामले में, ऐसे आवेदक ने भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए केवल पैरा-ओलम्पिक अनुशासन में सुसंगत श्रेणी में उपलब्धि हासिल की हो।

(3)राष्ट्रीय ओलम्पिक समिति या राष्ट्रीय पैरालम्पिक समिति के अतिरिक्त किसी अन्य राष्ट्रीय खेल निकाय के उत्कृष्ट योग्यता सूची वाले खिलाड़ियों में समावेशन चाहने वाले आवेदकों के मामले में, श्रेणी 10के मामले को छोड़कर, ऐसे

आवेदक ने राष्ट्रीय खेल निकाय से संबंधित नामनिर्दिष्ट खेल में संबंधित श्रेणी में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए उपलब्धि हासिल की हो, जहां ऐसे आवेदक ने किसी विशेष राज्य का प्रतिनिधित्व किया हो।

(4)इस अनुसूची के प्रयोजनों के लिए,-

(क) नीचे दिए गए किसी भी स्तर में "ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेल", "शीतकालीन ओलंपिक खेल", "राष्ट्रमंडल खेल", "एशियाई खेल" और "एशियाई शीतकालीन खेल" के संबंध में "ग्रीष्मकालीन पैरालिंपिक खेल", "शीतकालीन पैरालिंपिक खेल", "पैरा इवेंट जो राष्ट्रमंडल खेलों का हिस्सा हैं"," पैरा-एशियाई खेल" और "पैरा-एशियाई खेलों का शीतकालीन संस्करण (यदि कोई हो)" पर आवश्यक परिवर्तनों के साथ लागू होगा;

(ख) "स्वीकृत" के संबंध में किसी सुसंगत अंतर्राष्ट्रीय खेल निकाय के तत्वाधान में, अनुमोदन और मंजूरी शक्ति के अधीन आयोजित किसी भी प्रतिस्पर्धी अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम या मैच को विनिर्दिष्ट करता है।

श्रेणी 1

जिन आवेदकों ने ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेल या शीतकालीन ओलंपिक खेल में कम से कम एक स्वर्ण, रजत या कांस्य पदक जीता है, लेकिन यदि कोई पदक निरस्त हो जाता है, तो उन्हें इस श्रेणी के अधीन विशिष्ट योग्यता प्राप्त करने की अर्हता के लिए नहीं माना जाएगा।

श्रेणी 2

ऐसे आवेदक जिन्होंने ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेल या शीतकालीन ओलंपिक खेल के दो या उससे अधीन संस्करण में भाग लिया हो।

श्रेणी 3

ऐसे आवेदक जिन्होंने ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेल या शीतकालीन ओलंपिक खेल के कम से कम एक संस्करण में भाग लिया हो।

श्रेणी 4

जिन आवेदकों को केन्द्रीय सरकार द्वारा मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार या अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया है, लेकिन यदि कोई पुरस्कार रद्द कर दिया जाता है या वापस कर दिया जाता है, तो उसे इस श्रेणी के अधीन बहुत अच्छी योग्यता प्राप्त करने की अर्हता के लिए नहीं माना जाएगा।

श्रेणी 5

वे आवेदक जिन्होंने विश्व चैम्पियनशिप या समकक्ष प्रतियोगिता में कम-से-कम एक स्वर्ण, रजत या कांस्य पदक या समकक्ष स्थान प्राप्त किया हो; परंतु यदि कोई पदक वापस ले लिया गया हो, तो उसे इस स्तर के अधीन *उत्कृष्ट योग्यता* प्राप्त करने की पात्रता के लिए नहीं माना जाएगा।

श्रेणी 6

वे आवेदक जिन्होंने राष्ट्रमंडल खेलों, एशियाई खेलों या एशियाई शीतकालीन खेलों में कम-से-कम एक स्वर्ण, रजत या कांस्य पदक या समकक्ष स्थान प्राप्त किया हो; परंतु यदि कोई पदक वापस ले लिया गया हो, तो उसे इस स्तर के अधीन *उत्कृष्ट योग्यता* प्राप्त करने की पात्रता के लिए नहीं माना जाएगा।

श्रेणी 7

वे आवेदक जिन्होंने एशियाई चैम्पियनशिप या समकक्ष प्रतियोगिता में कम-से-कम एक स्वर्ण, रजत या कांस्य पदक या समकक्ष स्थान प्राप्त किया हो; परंतु यदि कोई पदक वापस ले लिया गया हो, तो उसे इस स्तर के अधीन *उत्कृष्ट योग्यता* प्राप्त करने की पात्रता के लिए नहीं माना जाएगा।

श्रेणी 8

वे आवेदक जिन्होंने कम-से-कम पाँच स्वीकृत अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धाओं (यदि व्यक्तिगत खेल हो) या पाँच स्वीकृत अंतर्राष्ट्रीय मैचों (यदि टीम खेल हो) में भाग लिया हो।

श्रेणी 9

वे आवेदक जिन्होंने कम-से-कम एक स्वीकृत अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धाओं (यदि व्यक्तिगत खेल हो) या एक स्वीकृत अंतर्राष्ट्रीय मैच (यदि टीम खेल हो) में भाग लिया हो।

श्रेणी 10

वे आवेदक जिन्होंने राष्ट्रीय खेलों या राष्ट्रीय चैम्पियनशिप या समकक्ष प्रतियोगिता में कम-से-कम एक स्वर्ण, रजत या कांस्य पदक या समकक्ष स्थान प्राप्त किया हो।

अनुसूची 2

(नियम 9 देखें)

निर्वाचन नियम

1. परिभाषाएँ और निर्वचन

(i) इन निर्वाचन नियमों में, जब तक संदर्भ अन्यथा अपेक्षित न हो,—

(क) "अभ्यर्थी" से कोई भी अभ्यर्थी जो किसी निर्वाचित पद के लिए निर्वाचन में भाग ले रहा हो, अभिप्रेत है;

(ख) "निर्वाचन" से किसी निर्वाचित पद के लिए इन निर्वाचन नियमों के अनुसार आयोजित किया गया निर्वाचन अभिप्रेत है;

(ग) "साधारण अधिवेशन" से किसी राष्ट्रीय खेल संस्था की महासभा के सभी सदस्यों की बैठक, जिसे उस राष्ट्रीय खेल निकाय के उपनियमों के अनुसार बुलाया और आयोजित किया गया हो अभिप्रेत है; और

(घ) "नामांकन" से वह प्रक्रिया जिसके माध्यम से कोई अभ्यर्थी इन निर्वाचन नियमों के अनुसार किसी निर्वाचित पद के लिए निर्वाचन में भाग लेने की अपनी रुचि औपचारिक रूप से प्रस्तुत करता है अभिप्रेत है ।

(ii) इन निर्वाचन नियमों में प्रयुक्त कोई भी शब्द, जिसकी परिभाषा यहाँ नहीं दी गई है, उसका वही अर्थ होगा जो अधिनियम और नियमों में विनिर्दिष्ट किया गया हो।

2. क्षेत्र और लागू होना

(i) ये निर्वाचन नियम राष्ट्रीय खेल निकाय के सभी निर्वाचनों पर लागू होंगे।

(ii) कोई भी अभ्यर्थी, मतदान सदस्य या निर्वाचन में अन्य प्रतिभागी अधिनियम तथा राष्ट्रीय खेल संस्था की आचार संहिता के अधीन होगा, यदि वह अन्यथा पहले से ही उसके अधीन बाध्य और अधीन न हो।

3. निर्वाचन का संचालन

(i) निर्वाचन सामान्यतः राष्ट्रीय खेल निकाय की वार्षिक सामान्य बैठक में होंगे और जहाँ आवश्यक हो, विशेष रूप से बुलाई गई साधारण अधिवेशन में भी हो सकते हैं।

(ii) निर्वाचन सदैव गुप्त मतदान द्वारा किए जाएँगे।

4. निर्वाचन अधिकारी

(i) निर्वाचन अधिकारी निर्वाचन से संबंधित प्रशासनिक प्रक्रिया की देखरेख के लिए उत्तरदायी होगा, जिसमें निम्नलिखित सम्मिलित हैं,—

(क) अधिनियम और इन नियमों का सही अनुप्रयोग सुनिश्चित करना;

(ख) इस अनुसूची के खंड 5 में प्रदत्त मॉडल कैलेंडर के अनुसार निर्वाचन के प्रत्येक चरण के लिए यथोचित समय-सीमा निर्धारित करना और उन समय-सीमाओं का कठोरता से पालन कराना;

(ग) प्रत्येक चरण के लिए उपयुक्त दस्तावेज़ और प्ररूप, जिनमें नामांकन प्ररूप और मतपत्र सम्मिलित हैं, निर्धारित करना और वितरित करना, तथा उनके उचित उपयोग को लागू एवं सत्यापित करना;

(घ) मतदान सदस्यों, अन्य सदस्यों, मीडिया और जनता को सूचना प्रदान करना;

(ङ) सरकारी निकायों या राष्ट्रीय खेल बोर्ड तथा राष्ट्रीय खेल बोर्ड द्वारा नियुक्त किसी भी पर्यवेक्षक के साथ संपर्क बनाए रखना;

(च) निर्वाचन से संबंधित सभी अधिसूचनाओं और प्ररूपों को राष्ट्रीय खेल निकाय, राष्ट्रीय खेल बोर्ड और युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइटों पर प्रकाशित कराना; और

(छ) निर्वाचन प्रक्रिया का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक अन्य सभी कार्य करना।

(ii) निर्वाचन अधिकारी केवल व्यावहारिक आवश्यकता के कारण ही इस अनुसूची से संलग्न प्ररूपों में उपांतरित कर सकेगा, परंतु इस अनुसूची के सिद्धांतों का पालन सुनिश्चित किया जाए।

5. निर्वाचन की घोषणा और निर्वाचन सूची

(i) राष्ट्रीय खेल निकाय की कार्यकारी समिति, निर्वाचन अधिकारी के परामर्श से, अपनी कार्यकारी समिति के कार्यकाल की समाप्ति से कम-से-कम तीस दिन पूर्व निर्वाचन की घोषणा करेगी। यह घोषणा राष्ट्रीय खेल निकाय के संवैधानिक दस्तावेजों के सुसंगत उपबंधों के अनुसार होगा और संबंधित सामान्य बैठक की कार्यसूची में सम्मिलित किया जाएगा।

(ii) निर्वाचन की घोषणा में कम से कम निम्नलिखित सम्मिलित होगा:—

(क) निर्वाचन अधिकारी का नाम;

(ख) निर्वाचन अधिकारी द्वारा नियम 10 के उप-नियम (6) के अनुसार तैयार और जारी की गई अंतिम निर्वाचन सूची, जो इन निर्वाचन नियमों में संलग्न प्ररूप 1 के अनुसार हो;

(ग) वे निर्वाचित पद जिन पर निर्वाचन होना है तथा उन पदों के लिए अभ्यर्थियों को प्रतिस्पर्धा करने हेतु आवश्यक पूर्व-शर्तें या योग्यताएँ;

(घ) इच्छुक अभ्यर्थियों द्वारा निर्वाचित पदों के लिए नामांकन दाखिल करने का आमंत्रण;

(ङ) इच्छुक अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत किया जाने वाला नामांकन प्ररूप, जो इन निर्वाचन नियमों में संलग्न प्ररूप 2 के अनुसार होगा; और

(च) निर्वाचन कैलेंडर, जो नीचे उप-खंड (iii) में विनिर्दिष्ट मॉडल कैलेंडर के अनुसार होगा।

(iii) निर्वाचन अधिकारी निम्नलिखित मॉडल कैलेंडर के अनुसार निर्वाचन का संचालन करेगा:

विषय	दिवस
निर्वाचन की घोषणा, नामांकन के लिए आमंत्रण और अंतिम मतदाता सूची जारी करना	दिवस 1
नामांकन दाखिल करना	दिवस 8 से दिवस 10
प्राप्त नामांकनों की प्रारूप सूची की घोषणा	दिवस 10
नामांकित अभ्यर्थियों की प्रारूप सूची पर आपत्तियां	दिवस 11 से दिवस 14
नामांकित अभ्यर्थियों की प्रारूप सूची पर आपत्तियों की जांच और निपटान	दिवस 15 से दिवस 16
नामांकित अभ्यर्थियों की अंतिम सूची	दिवस 17
नामांकन वापस लेना	दिवस 18
निर्वाचन में हिस्सा लेने वाले अभ्यर्थियों की अंतिम सूची	दिवस 19
मतदान और परिणामों की घोषणा	दिवस 21

(i) निर्वाचन अधिकारी, केवल व्यावहारिक आवश्यकता के कारण, उपखंड (iii) में विनिर्दिष्ट मॉडल कैलेंडर में संशोधन कर सकेगा, परंतु निर्वाचन अधिकतम इक्कीस दिनों की अवधि के भीतर पूर्ण कर लिया जाए।

6. नामांकन

(i) किसी अभ्यर्थी का निर्वाचन हेतु नामांकन, निर्वाचन सूची में सम्मिलित व्यक्तियों द्वारा प्रस्तावित और अनुमोदित किया जाएगा।

(ii) प्रत्येक नामांकन पत्र, विनिर्दिष्ट समयसीमा के भीतर, अभ्यर्थी स्वयं व्यक्तिगत रूप से निर्वाचन अधिकारी को प्रस्तुत करेगा|

(iii) कोई भी सदस्य, एक ही निर्वाचित पद के लिए, प्रस्तावक अथवा अनुमोदक के रूप में, एक से अधिक अभ्यर्थी का नामांकन नहीं करेगा और यदि वह ऐसा करता है तो केवल प्रथम वैध नामांकन स्वीकार किया जाएगा तथा ऐसे सदस्य के अन्य सभी नामांकन शून्य एवं अप्रभावी माने जाएंगे।

(iv) किसी व्यक्ति को, एक बार उसके द्वारा अनुमोदित नामांकन पत्र निर्वाचन अधिकारी को प्रस्तुत कर दिए जाने के पश्चात, प्रस्तावक अथवा अनुमोदक के रूप में अपना नाम वापस लेने की अनुमति नहीं होगी।

(v) निर्वाचन अधिकारी, उसके द्वारा प्राप्त सभी नामांकनों की निर्वाचित पदवार सूची, इन निर्वाचन नियमों के साथ संलग्न प्ररूप–3 के अनुसार तैयार करेगा|

7. नामांकन की संवीक्षा और अंतिम रूप

(i) निर्वाचन अधिकारी, प्राप्त प्रत्येक नामांकन पत्र की संवीक्षा करेगा तथा अधिनियम, उसके अधीन बनाए गए नियमों और राष्ट्रीय खेल निकाय की उप-विधियों के अनुसार उसकी वैधता अथवा अन्यथा का निर्धारण करेगा।

(ii) उपखंड (i) के अधीन नामांकन की संवीक्षा के दौरान, प्रत्येक अभ्यर्थियों अथवा उसके किसी प्राधिकृत प्रतिनिधि को उपस्थित रहने और उसी निर्वाचित पद के लिए अन्य अभ्यर्थियों के नामांकन के संबंध में आपत्ति उठाने का अधिकार होगा, जिसके लिए उसने अपना नामांकन प्रस्तुत किया है।

(iii) नामांकन पत्रों की संवीक्षा के पश्चात, निर्वाचन अधिकारी वैध रूप से नामांकित अभ्यर्थियों की सूची इन निर्वाचन नियमों के साथ संलग्न प्ररूप–4 के अनुसार तैयार करेगा।

(iv) प्रत्येक अभ्यर्थियों, जिसका नामांकन जांच में वैध पाया गया है, निर्वाचन प्रारंभ होने से पूर्व अपनी उम्मीदवारी वापस लेने का अधिकार रखेगा, परंतु कि वह निर्वाचन अधिकारी को इन निर्वाचन नियमों के साथ संलग्न प्ररूप–5 के अनुसार सूचना प्रदान करे, और यदि निर्वाचन अधिकारी ऐसी सूचना की वास्तविकता से संतुष्ट है तो वह वापसी की सूचना स्वीकार करेगा।

(v) उम्मीदवारी वापस लेने की कोई भी सूचना अंतिम होगी और उसे निरस्त करने की अनुमति नहीं होगी।

(vi) निर्वाचन अधिकारी, इन निर्वाचन नियमों के प्ररूप–6 के अनुसार, अंतिम रूप से निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची तैयार करेगा।

(vii) राष्ट्रीय खेल निकाय, निर्वाचन अधिकारी के पर्यवेक्षण और प्रभार में, इन निर्वाचन नियमों के साथ संलग्न प्ररूप–7 के अनुसार मतपत्र तैयार करेगा।

(viii) मतपत्र स्पष्ट और सुपाठ्य रूप से मुद्रित किए जाएंगे तथा प्रत्येक निर्वाचित पद के लिए निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों के नाम अंग्रेज़ी वर्णमाला के क्रम में व्यवस्थित किए जाएंगे।

8. प्रचार संबंधी आचरण

(i) निर्वाचन संबंधी प्रचार अभ्यर्थियों द्वारा निष्पक्ष रूप से तथा मौलिक नैतिक सिद्धांतों के प्रति सम्मान की भावना में किया जाएगा।

(ii) अभ्यर्थी सभी प्रचार कार्य गरिमा एवं संयम के साथ करेंगे तथा अन्य अभ्यर्थियों, राष्ट्रीय खेल निकाय और उसके सदस्यों के प्रति सम्मान बनाए रखेंगे।

(iii) कोई भी अभ्यर्थी ऐसा मौखिक कथन, लिखित पाठ या किसी प्रकार का प्रस्तुतिकरण नहीं करेगा जो किसी अन्य अभ्यर्थी की छवि को क्षति पहुँचाने वाला हो अथवा उसे हानि पहुँचाने वाला हो; और यदि अन्य अभ्यर्थियों की आलोचना की जाती है तो वह केवल उनकी नीतियों, कार्यक्रमों, पूर्ववृत्त और कार्य तक सीमित होगी।

(iv) कोई भी अभ्यर्थी अन्य अभ्यर्थी के विरुद्ध अप्रमाणित आरोपों या विकृतियों के आधार पर आलोचना नहीं करेगा और मत प्राप्त करने हेतु जाति या साम्प्रदायिक भावनाओं का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा।

(v) प्रत्येक अभ्यर्थी निर्वाचन सूची में सम्मिलित सदस्यों के समक्ष निर्वाचित पद हेतु अपनी योजनाएँ और विचार लिखित दस्तावेज़ के रूप में प्रस्तुत कर सकेगा, जिसे निर्वाचन अधिकारी इन निर्वाचन नियमों के उपखंड 4 (i) (छ) के अनुसार प्रकाशित करेगा।

(vi) अभ्यर्थी निर्वाचन प्रचार में अत्यधिक व्यय से बचेंगे, यह मानते हुए कि ऐसा व्यय अभ्यर्थियों के बीच असमानता का कारक बन सकता है।

(vii) किसी अभ्यर्थी का संप्रवर्तन किसी भी प्रकार के प्रचार से रहित होगा, जिसमें नवीन मीडिया या सामाजिक नेटवर्क का उपयोग भी सम्मिलित है; प्रचार की प्रक्रिया में किसी प्रकार की सार्वजनिक बैठक या सभा आयोजित नहीं की जाएगी; और किसी किसी अभ्यर्थी को लाभ या हानि पहुंचाने के लिए किसी पत्रकार अथवा मीडिया की सेवाओं का, चाहे निःशुल्क अथवा भुगतान के आधार पर, उपयोग नहीं किया जाएगा।

(viii) सभी अभ्यर्थी "भ्रष्ट आचरण" की सभी गतिविधियों, जिनमें मतदाताओं को रिश्वत देना, मतदाताओं को डराना-धमकाना, अथवा मतदाताओं का प्रतिरूपण करना सम्मिलित है, से सावधानीपूर्वक बचेंगे ।

(ix) अभ्यर्थी किसी भी स्थिति में और किसी भी बहाने से, मतदाता सदस्यों को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से उपहार, दान, भेंट अथवा किसी भी प्रकार का लाभ नहीं देंगे।

(x) वर्तमान कार्यकारी समिति का सदस्य यह सुनिश्चित करेगा कि उसके विरुद्ध कोई शिकायत का कारण उत्पन्न न हो कि उसने अपने आधिकारिक पद का उपयोग अपने निर्वाचन संबंधी प्रचार के लिए किया हो, और विशेष रूप से वह—

(क) अपने प्रचार की प्रगति हेतु आधिकारिक परिवहन, जिसमें वाहन, मशीनरी और कार्मिक सम्मिलित हैं, का उपयोग नहीं करेगा;

(ख) समाचारपत्रों और अन्य मीडिया में राष्ट्रीय खेल निकाय अथवा उसके सदस्यों के व्यय पर कोई विज्ञापन जारी नहीं करेगा या निर्वाचनों के दौरान राष्ट्रीय खेल निकाय के आधिकारिक मीडिया चैनलों का दुरुपयोग नहीं करेगा;

(ग) निर्वाचनों की घोषणा के समय से विवेकाधीन निधियों से कोई अनुदान या भुगतान स्वीकृत नहीं करेगा; तथा

(घ) राष्ट्रीय खेल निकाय के किसी भी सदस्य या उसके साझेदारों के प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष लाभ हेतु किसी भी प्रकार का वचन या प्रतिज्ञा नहीं करेगा, चाहे उसका पालन किसी भी समय किया जाना हो।

9. निष्पक्षता और स्वतंत्रता

(i) चूँकि मतदान गुप्त है, मतदान करने वाले सदस्य व्यक्तिगत रूप से अथवा सामूहिक रूप से, किसी भी रूप में सार्वजनिक रूप से यह घोषणा करने से प्रतिबंधित होंगे कि वे किसी अभ्यर्थियों को मतदान करेंगे या नहीं करेंगे।

(ii) वर्तमान कार्यकारी समिति के सदस्य किसी भी प्रकार की सार्वजनिक घोषणा करने से विरत रहेंगे और किसी भी प्रकार से किसी अभ्यर्थियों का समर्थन नहीं करेंगे।

(iii) अभ्यर्थियों—

(क) किसी भी व्यक्ति से अनुदेश स्वीकार नहीं करेगा;

(ख) किसी तृतीय पक्षकार से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष सहायता, चाहे वह वित्तीय, भौतिक अथवा वस्तुरूप में हो, स्वीकार नहीं करेगा; तथा

(ग) किसी भी व्यक्ति को ऐसा कोई भी वचन नहीं देगा जो निर्वाचित पद के निर्णय या क्रियाओं की स्वतंत्रता को प्रभावित कर सकता हो।

(iv) राष्ट्रीय खेल निकाय की कार्यकारी टीम और प्रशासन प्रत्येक समय निष्पक्षता का कड़ाई से पालन करेंगे, और किसी भी उम्मीदवारी के संबंध में राष्ट्रीय खेल निकाय के प्रशासन या कर्मचारियों से किसी प्रकार का समर्थन या सेवा नहीं माँगी जाएगी|

10. मतदान

(i) जहाँ किसी निर्वाचित पद अथवा निर्वाचित पदों की श्रेणी के लिए निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की संख्या, भरे जाने वाले निर्वाचित पदों की संख्या के बराबर होगी, वहाँ ऐसे सभी अभ्यर्थियों उन निर्वाचित पदों पर बिना विरोध के सम्यक रूप से निर्वाचित माने जाएंगे और ऐसे निर्वाचित पद के लिए मतदान कराना आवश्यक नहीं होगा।

(ii) जहाँ किसी निर्वाचित पद अथवा निर्वाचित पदों की श्रेणी के लिए निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की संख्या, भरे जाने वाले निर्वाचित पदों की संख्या से अधिक होगी, वहाँ शेष निर्वाचित पदों के लिए गुप्त मतदान द्वारा निर्वाचन कराया जाएगा।

(iii) मतदान में, निर्वाचन सूची में सम्मिलित सदस्य—

(क) प्रत्येक शेष निर्वाचित पद के लिए, जहाँ केवल एक पद भरा जाना है, एक मत देने के अधिकारी होंगे; और

(ख) जहाँ किसी निर्वाचित पद के लिए एक से अधिक पद भरे जाने हैं, वहाँ उतने ही मत देने के अधिकारी होंगे जितने पद भरे जाने हैं।

(iv) मतपत्रों में अभ्यर्थियों के नाम सम्मिलित होंगे और मतदाता केवल एक अभ्यर्थियों को चिन्हित करेगा।

(v) प्रत्येक मतदाता को, मतदान हेतु मतपत्र प्राप्त करने से पूर्व, निर्वाचन सूची की प्रमाणीकृत प्रति पर अपना हस्ताक्षर करना आवश्यक होगा।

(vi) उपखंड (i) की परिस्थिति को छोड़कर, सदैव गुप्त मतदान कराया जाएगा, चाहे अभ्यर्थियों की संख्या कितनी भी हो, और मत की गोपनीयता उस प्रक्रिया द्वारा सुनिश्चित की जाएगी जो मतदाता की निजता की गारंटी देती है; और निर्वाचन अधिकारी मतपत्रों का वितरण और गणना करेगा तथा यह सुनिश्चित करने के लिए उत्तरदायी होगा कि प्रक्रिया उचित रूप से अभिलेखित की गई है।

(vii) मतदान सदस्य, जहाँ अपेक्षित हो, व्यक्तिगत रूप से मतदान करेंगे।

(viii) मतदाता, मतदान केंद्र पर विशेष रूप से उपलब्ध कराए गए मतदान कक्ष में, गुप्त रूप से मतपत्र पर अपना मत दर्ज करेगा।

(ix) मतदाता, अपने पसंदीदा अभ्यर्थियों के नाम के सामने टिक-चिह्न लगाकर मतपत्र पर अपना मत दर्ज करेगा, और यह टिक-चिह्न केवल उसी साधन (जैसे कि मुहर) द्वारा लगाया जाएगा जिसे निर्वाचन अधिकारी द्वारा विशेष रूप से इस प्रयोजन हेतु उपलब्ध कराया गया है।

(x) मतदाता द्वारा अंकित मतपत्र, निर्वाचन अधिकारी द्वारा विशेष रूप से तैयार और सीलबंद मतपेटी में डाला जाएगा, जिसे मतदान केंद्र पर ऐसे प्रमुख स्थान पर रखा जाएगा कि वह मतदान केंद्र में उपस्थित सभी व्यक्तियों को निरंतर दृष्टिगोचर हो।

(xi) निर्वाचन अधिकारी, निर्धारित समय पर मतदान को बंद करेगा, और यदि कोई मतदाता नियत समापन समय पर मतदान केंद्र पर उपस्थित है तो उसे मतदान करने का अधिकार होगा, भले ही मतदान की कार्यवाही को उत्कृष्ट योग्यता वाले खिलाड़ियों के लिए कुछ समय तक बढ़ाना पड़े।

(xii) मतदान प्रारंभ होने से पूर्व निर्वाचन अधिकारी द्वारा वितरित किए गए मतपत्रों की संख्या घोषित की जाएगी, और यदि मतदान में लौटाए गए मतपत्रों की संख्या वितरित किए गए मतपत्रों की संख्या के बराबर या उससे कम है तो निर्वाचन वैध घोषित किया जाएगा; किन्तु यदि मतदान में मिले मतपत्रों की संख्या वितरित किए गए मतपत्रों की संख्या से अधिक है तो मतदान अकृत और शून्य घोषित किया जाएगा तथा तुरंत पुनः मतदान कराया जाएगा।

11. मतगणना

(i) निर्वाचन अधिकारी, मतदान प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात यथाशीघ्र, पदवार और प्रवर्गवार मतगणना प्रारंभ करेगा।

(ii) प्रत्येक निर्वाचन लड़ने वाला अभ्यर्थियों एक प्राधिकृत प्रतिनिधि नामित कर सकता है, जिसे मतगणना स्थल पर उपस्थित रहने का अधिकार होगा; और ऐसे प्राधिकृत प्रतिनिधि के अतिरिक्त केवल निर्वाचन अधिकारी तथा राष्ट्रीय खेल निकाय की कार्यकारी अथवा प्रशासनिक टीम के वे सदस्य, जिन्हें निर्वाचन अधिकारी द्वारा विशेष रूप से अनुमोदित किया गया हो, मतगणना में भाग ले सकेंगे।

(iii) प्रत्येक मतपत्र, जिस पर मत अंकित किया गया है, उस अभ्यर्थियों के लिए एक मत माना जाएगा जिसके पक्ष में वह वैध रूप से अंकित किया गया है।

(iv) निम्नलिखित मतपत्र अमान्य माने जाएंगे और निर्वाचन अधिकारी द्वारा अस्वीकृत किए जाएंगे, अर्थात्—

(क) वे मतपत्र जिन पर निर्वाचन अधिकारी द्वारा परिभाषित आधिकारिक विशिष्ट चिह्न अंकित नहीं हैं;

(ख) वे मतपत्र जिन पर अभ्यर्थियों के नामों के अतिरिक्त कोई अन्य शब्द अंकित हैं;

(ग) वे मतपत्र जो अपठनीय हैं या विकृत कर दिए गए हैं;

(घ) वे मतपत्र जिन पर पहचान संबंधी चिह्न अंकित हैं; तथा

(ङ) वे मतपत्र जिनमें किसी विशेष मतदान में अनुमत संख्या से अधिक अभ्यर्थियों के लिए मत अंकित किए गए हैं।

(v) निर्वाचन अधिकारी प्रत्येक अमान्य मतपत्र के पीछे लाल स्याही से उसकी अमान्यता के कारण लिखेगा और हस्ताक्षर द्वारा पुष्टि करेगा।

(vi) प्रत्येक अभ्यर्थियों के लिए वैध रूप से डाले गए मतों की पदवार और जहाँ लागू हो प्रवर्गवार गणना की जाएगी तथा प्रत्येक अभ्यर्थियों के लिए डाले गए मतों को अवरोही क्रम में इन निर्वाचन नियमों के साथ संलग्न प्ररूप – 8 के अनुसार अभिलेखित किया जाएगा।

(vii) इसके पश्चात निर्वाचन अधिकारी मतगणना का परिणाम निर्धारित करेगा और जिन अभ्यर्थियों ने उक्त अवरोही क्रम में, पदवार और जहाँ लागू हो प्रवर्गवार, अधिकतम संख्या में मत प्राप्त किए हैं, उतने अभ्यर्थियों को, जितने पद भरे जाने हैं, उन निर्वाचित पदों पर सम्यक रूप से निर्वाचित समझा जाएगा।

(viii) मतगणना पूर्ण और सत्यापित करने के पश्चात निर्वाचन अधिकारी, संकलित और गिने गए मतपत्रों को इस प्रयोजन हेतु निर्धारित लिफ़ाफ़ों में रखकर तत्काल सीलबंद करेगा, और राष्ट्रीय खेल निकाय इन लिफ़ाफ़ों को सुरक्षित रखेगा तथा उन्हें कम से कम कार्यकारी समिति के तत्क्षण आगामी निर्वाचन के परिणाम की घोषणा तक, अथवा ऐसे निर्वाचन से संबंधित किसी भी न्यायिक कार्यवाही की लंबित अवधि तक, जो भी पश्चातवर्ती हो, संरक्षित रखेगा।

12. परिणामों की घोषणा

(i) जब मतगणना पूर्ण और सत्यापित हो जाएगी, तब निर्वाचन अधिकारी साधारण सभा में उन निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों के नाम घोषित करेगा जिन्हें निर्वाचन में निर्वाचित समझा जाएगा।

(ii) निर्वाचन के परिणाम इन निर्वाचन नियमों के साथ संलग्न प्ररूप – 9 के अनुसार घोषित किए जाएंगे तथा उनकी पूर्णता के चौबीस घंटे के भीतर राष्ट्रीय खेल निकाय की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित किए जाएंगे।

(iii) यदि मतगणना के पश्चात किसी भी अभ्यर्थियों के बीच मतों की समानता पाई जाती है और एक मत की वृद्धि से उनमें से किसी अभ्यर्थियों को निर्वाचित घोषित किया जा सकता है, तो निर्वाचन अधिकारी तत्काल उन अभ्यर्थियों के बीच चिट्ठी डालकर निर्णय करेगा और ऐसा माना जाएगा कि जिस अभयर्थी के नाम चिट्ठी निकली है, उसे एक अतिरिक्त वोट मिला हो।

13. प्रतिबंध एवं शिकायतें

(i) अधिनियम, इन नियमों अथवा राष्ट्रीय खेल निकाय की उप-विधियों में आच्छादित न किए गए किसी भी निर्वाचन संबंधी प्रशासनिक विषय पर निर्णय निर्वाचन अधिकारी द्वारा किया जाएगा।

(ii) यदि इन निर्वाचन नियमों का उल्लंघन होता है, तो निर्वाचन अधिकारी उसे राष्ट्रीय खेल निकाय की आचार समिति को संदर्भित कर सकेगा, जो संबंधित अभ्यर्थियों को—

(क) टिप्पणियाँ कर सकती है, जिन्हें सार्वजनिक किया जा सकता है; या

(ख) चेतावनी जारी कर सकती है, जो स्वतः राष्ट्रीय खेल निकाय की आधिकारिक वेबसाइट पर सार्वजनिक की जाएगी।

(iii) यदि किसी अभ्यर्थी अथवा मतदान सदस्य को निर्वाचन के संचालन के संबंध में कोई विशिष्ट शिकायत या समस्या है, तो वह उसे निर्वाचन अधिकारी के संज्ञान में ला सकेगा।

(iv) इन नियमों के अधीन निर्वाचन अधिकारी का कोई भी निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा, और निर्वाचन के संचालन अथवा परिणाम से संबंधित कोई भी याचिका केवल इस अनुसूची के अधीन निर्वाचन के संचालन से संबंधित उपबंधों के उल्लंघन तक सीमित होगी:

परंतु यह कि ऐसी कोई याचिका, किसी भी निर्वाचन के परिणाम की घोषणा से तीस दिनों की अवधि के पश्चात दाखिल नहीं की जाएगी|

प्ररूप 1 — निर्वाचक नामावली

[राष्ट्रीय खेल निकाय का नाम अंतर्लिखित करें]

[राष्ट्रीय खेल निकाय का नाम अंतर्लिखित करें] का निर्वाचन [तारीख अंतर्लिखित करें] को

संबद्ध इकाइयाँ			
क्र. सं.	संबद्ध इकाई का नाम	निर्वाचन प्रतिनिधि का नाम	
उत्कृष्ट गुणागुण वाले खिलाड़ी			
	नाम		
	नाम		
	नाम		

नाम:

निर्वाचन अधिकारी, [राष्ट्रीय खेल निकाय का नाम अंतर्लिखित करें]

तारीख:

स्थान:

प्ररूप 2 — नामनिर्देशन प्ररूप

[राष्ट्रीय खेल निकाय का नाम अंतर्लिखित करें]

[राष्ट्रीय खेल निकाय का नाम अंतर्लिखित करें] का निर्वाचन [तारीख अंतर्लिखित करें] को

.....(निर्वाचित पद का नाम)..... के निर्वाचित पद हेतु नामनिर्देशन प्ररूप

प्रति,

निर्वाचन अधिकारी, [राष्ट्रीय खेल निकाय का नाम अंतर्लिखित करें]

[पता अंतर्लिखित करें]

हम उपर्युक्त उल्लिखित निर्वाचित पद के लिए श्री/श्रीमती/सुश्री..... (नाम और पता) का नामनिर्देशन करते हैं।

हमारे विवरण नीचे दिए गए हैं:

	नाम	प्रतिनिधित्व की गई संबद्ध इकाई का नाम (यदि प्रयोज्य हो)	निर्वाचक नामावली सूची में क्र. सं.	हस्ताक्षर
प्रस्तावक				
समर्थक				

मैं, अधोलिखित अभ्यर्थी, उपर्युक्त निर्वाचित पद के लिए अपने नामनिर्देशन पर अपनी सहमति देता/देती हूँ। इसके अतिरिक्त, मैं प्रमाणित और पुष्टि करता/करती हूँ कि–

(क) मैं [राष्ट्रीय खेल निकाय का नाम अंतर्लिखित करें] की उपविधियों के अनुसार उपर्युक्त निर्वाचित पद के लिए निर्वाचन लड़ने के लिए पात्र हूँ; तथा

(ख) मैं वर्तमान में कोई उपशमन अवधि नहीं भुगत रहा/रही हूँ, और न ही मुझे उपर्युक्त निर्वाचित पद के संबंध में कोई उपशमन अवधि भुगतने की आवश्यकता है या ऐसे निर्वाचित पद के लिए निर्वाचन लड़ने से वर्जित नहीं हूँ, जैसा कि [राष्ट्रीय खेल निकाय का नाम अंतर्लिखित करें] की उपविधियों, राष्ट्रीय खेल शासन अधिनियम, 2025 या राष्ट्रीय खेल शासन (राष्ट्रीय खेल निकाय) नियम, 2025 या लागू विधि के अधीन है।

(ग) इस प्ररूप में संलग्न घोषणा में दी गई जानकारी मेरी पूरी जानकारी में सच्ची और ठीक है।

अभ्यर्थी का नाम _____

प्रतिनिधित्व की गई संबद्ध इकाई का नाम (यदि प्रयोज्य हो)

निर्वाचक नामावली सूची में क्र. सं. (यदि प्रयोज्य हो)

हस्ताक्षर _____

तारीख:

स्थान:

प्ररूप 3 — प्राप्त नामनिर्देशनों की सूची

[राष्ट्रीय खेल निकाय का नाम अंतर्लिखित करें[

[राष्ट्रीय खेल निकाय का नाम अंतर्लिखित करें [तारीख अंतर्लिखित करें] का निर्वाचन [को

क्र. सं.	अभ्यर्थी का नाम और पता	निर्वाचित पद	प्रस्तावक का नाम और निर्वाचक नामावली सूची में क्र. सं.	समर्थक का नाम और निर्वाचक नामावली सूची में क्र. सं.

नाम:

निर्वाचन अधिकारी, [राष्ट्रीय खेल निकाय का नाम अंतर्लिखित करें]

तारीख:

स्थान:

प्ररूप 4 — विधिमान्यत: नामनिर्देशित अभ्यर्थियों की सूची

[राष्ट्रीय खेल निकाय का नाम अंतर्लिखित करें]

[राष्ट्रीय खेल निकाय का नाम अंतर्लिखित करें] का निर्वाचन [तारीख अंतर्लिखित करें] को

क्र. सं.	अभ्यर्थी का नाम और पता	निर्वाचित पद	प्रस्तावक का नाम और निर्वाचक नामावली सूची में क्र. सं.	समर्थक का नाम और निर्वाचक नामावली सूची में क्र. सं.

नाम:

निर्वाचन अधिकारी, [राष्ट्रीय खेल निकाय का नाम अंतर्लिखित करें]

तारीख:

स्थान:

प्ररूप 5 — वापसी की सूचना

[राष्ट्रीय खेल निकाय का नाम अंतर्लिखित करें]

[राष्ट्रीय खेल निकाय का नाम अंतर्लिखित करें] का निर्वाचन [तारीख अंतर्लिखित करें] को

....(निर्वाचित पद का नाम).....के पर निर्वाचन हेतु अभ्यर्थिता वापस लेने की सूचना

प्रति,

निर्वाचन अधिकारी, [राष्ट्रीय खेल निकाय का नाम अंतर्लिखित करें]

[पता अंतर्लिखित करें]

मैं, विधिमान्यत: नामनिर्देशित अभ्यर्थी, उपर्युक्त निर्वाचित पद के लिए अपनी अभ्यर्थिता वापस लेने की सूचना देता/देती हूँ।

अभ्यर्थी का नाम _____

प्रतिनिधित्व की गई संबद्ध इकाई का नाम (यदि प्रयोज्य हो)

निर्वाचक नामावली सूची में क्र. सं. (यदि प्रयोज्य हो)

हस्ताक्षर _____

तारीख:

स्थान:

प्ररूप 6 – निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची

[*राष्ट्रीय खेल निकाय का नाम लिखें*]

[*राष्ट्रीय खेल निकाय का नाम लिखें*] निर्वाचन की (*तारीख* लिखें]

क्रम संख्या	निर्वाचित पद	अभ्यर्थी का नाम	सम्बद्ध इकाई का नाम (यदि लागू हो)	निर्वाचन सूची में क्रम संख्या (यदि लागू हो)

नाम:

निर्वाचन अधिकारी, [*राष्ट्रीय खेल निकाय का नाम लिखें*]

तारीख:

स्थान :

प्ररूप 7 – मतपत्र

[*राष्ट्रीय खेल निकाय का नाम लिखें*]

[*राष्ट्रीय खेल निकाय का नाम लिखें*] निर्वाचन की (*तारीख लिखे*]

निर्वाचित पद	अभ्यर्थी का नाम	(√) सही का चिन्ह लगाकर वोट करें

1) संबंधित निर्वाचित पद हेतु केवल एक (1) निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थी के नाम के सामने सही का चिन्ह लगाएँ।

(2) किसी भी अभ्यर्थी के नाम के सामने (x) या अन्य कोई चिन्ह अथवा शब्द न लगाएँ, क्योंकि ऐसा करने से आपका मतपत्र अस्वीकृत हो जाएगा।

(3) मतपत्र पर सही का चिन्ह केवल उसी लेखनी/साधन से लगाएँ जो निर्वाचन अधिकारी द्वारा इस उद्देश्य हेतु विशेष रूप से प्रदान किया गया है। किसी अन्य पेन, बॉल प्वाइंट पेन आदि से लगाए गया चिन्ह से आपका मतपत्र अस्वीकृत हो जाएगा|

नाम:

निर्वाचन अधिकारी, [*राष्ट्रीय खेल निकाय का नाम लिखें*]

तारीख:

स्थान:

प्ररूप 8 – मतगणना का परिणाम

[*राष्ट्रीय खेल निकाय का नाम लिखें*]

[*राष्ट्रीय खेल निकाय का नाम लिखें*] निर्वाचन की[*तारीख*]

पद का नाम	डाले गए कुल मत	कुल अस्वीकृत मत	अभ्यर्थी का नाम	डाले गए विधि मान्य मत
अध्यक्ष (1)			1.	
			2.	
			3.	
माननीय सचिव (1)			1.	
			2.	
			3.	
माननीय कोषाध्यक्ष (1)			1.	
			2.	
			3.	
उत्कृष्ट योग्यता वाले पुरुष खिलाड़ी (संख्या लिखें)			1.	
			2.	
			3.	
उत्कृष्ट योग्यता वाली महिला खिलाड़ी (नंबर लिखें)			1.	
			2.	
			3.	

नाम:

निर्वाचन अधिकारी, [*राष्ट्रीय खेल निकाय का नाम लिखें*]

तारीख:

स्थान:

नाम:

पर्यवेक्षक (यदि उपस्थित हो)

प्ररूप 9 – परिणामों की घोषणा

[*राष्ट्रीय खेल निकाय का नाम लिखें*]

[*राष्ट्रीय खेल निकाय का नाम लिखें*] निर्वाचन की [*तारीख*]

मैं, उपर्युक्त चुनावों का निर्वाचन अधिकारी, अधोलिखित अभ्यर्थियों को उनके नाम के सम्मुख उल्लिखित निर्वाचित पद पर विधिवत निर्वाचित घोषित करता/करती हूँ

चयनित पद	अभ्यर्थी का नाम
अध्यक्ष (1)	
माननीय सचिव (1)	
माननीय कोषाध्यक्ष (1)	
उत्कृष्ट योग्यता वाले पुरुष खिलाड़ी (संख्या लिखें)	
उत्कृष्ट योग्यता वाली महिला खिलाड़ी (संख्या डालें)	

नाम:

निर्वाचन अधिकारी, [*राष्ट्रीय खेल निकाय का नाम लिखें*]

तारीख:

स्थान:

नाम:

पर्यवेक्षक (यदि उपस्थित हो)

[फा. संख्या 12-12/2025-शासन-1]

कुणाल,संयुक्त सचिव

MINISTRY OF YOUTH AFFAIRS AND SPORTS

(DEPARTMENT OF SPORTS)

NOTIFICATION

New Delhi, the , 2026

G.S.R. 18 (E).— In exercise of the powers conferred by sub-section (1) and clauses (a), (b), (c), (k), (m), (n) and (t) of sub-section (2) of section 31 of the National Sports Governance Act, 2025 (25 of 2025), the Central Government hereby makes the following rules, namely:–

CHAPTER 1

PRELIMINARY

1. Short title and commencement. — (1) These rules may be called the National Sports Governance (National Sports Bodies) Rules, 2026.

(2) These rules shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. **Definitions. —** (1) In these rules, unless the context otherwise requires, —

(a) "Act" means the National Sports Governance Act, 2025 (25 of 2025);

(b) "Central Government" shall mean the Department of the Central Government which has been allocated the subject matter of sports under the Government of India (Allocation of Business) Rules, 1961;

(c) "Elected Post" means all posts on the Executive Committee, other than, —

(i) the posts reserved for representatives of the Athletes Committee under sub-clause (ii) of clause (b) under sub-section (1) of section 4 of the Act; and

(ii) the posts to be occupied by *ex officio* members under sub-clause (iii) of clause (b) under sub-section (1) of section 4 of the Act;

(d) "Election Rules" means the rules applicable to Elections to the Executive Committees as specified in Schedule II;

(e) "Electoral Officer" means the person notified under sub-section (1) of section 16 of the Act;

(f) "Executive Committee" means the committee constituted in every National Sports Body pursuant to clause (b) of sub-section (1) of section 4 of the Act;

(g) "General Body" means the body constituted in every National Sports Body pursuant to clause (a) of sub-section (1) of section 4 of the Act;

(h) "National Sports Board" means the Board established pursuant to section 5 of the Act;

(i) "Schedule" means the schedule annexed to these rules; and

(j) "Sportspersons of outstanding merit Eligibility Rules" means the eligibility rules for sportspersons of outstanding merit as specified in Schedule I.

(2) Words and expressions used in these rules and not defined herein but defined in the Act, shall have the meanings respectively assigned to them in the Act.

CHAPTER 2

SPORTSPERSONS OF OUTSTANDING MERIT

3. Representation of sportspersons of outstanding merit in the General Body. — (1) The General Body of each National Sports Body shall include, as voting members, at least four, or any other higher even number, of sportspersons of outstanding merit, of which fifty per cent. shall be male sportspersons of outstanding merit and fifty per cent. shall be female sportspersons of outstanding merit.

(2) The manner of election or nomination of sportspersons of outstanding merit under sub-rule (1) may be specified in the bye-laws of the relevant National Sports Body.

4. Representation of sportspersons of outstanding merit in the Executive Committee. — The sportspersons of outstanding merit to be included in the Executive Committee pursuant to sub-clause (i) of clause (b) to sub-section (1) of section 4 of the Act, shall be elected to the Executive Committee in accordance with rule 9.

5. Eligibility criteria and application. — (1) The National Sports Body shall call for applications for persons to be considered as sportspersons of outstanding merit and such call for applications shall specify the General Eligibility Criteria and Tiered Eligibility Criteria as specified in Schedule I, pursuant to which the sportspersons of outstanding merit rosters shall be populated.

